ग्वालियर संस्करण की नई विज्ञापन दरें

	3 DAYS	15 DAYS	1 MONTH
वर्गीकृत विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट) 50 शब्द,प्रत्येक अतिरिक्त शब्द 5 रूपये, शीर्षक शुल्क 100 प्रतिशत अतिरिक्त	100/-	500/-	1000/-
डिस्पले क्लासिफाइड विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट)	1 DAYS 500/-	7 DAYS 1800/-	1 MONTH 3000/-
पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि फोटो सहित	Size 8x1	Rs. 500/-	
गुमशुदा, जन्मदिन, बधाई	Size 8x1	Rs. 1000/-	
वैवाहिक	Size 6x1	Rs. 500/-	
नाम परिवर्तन, लीज पॉलिसी परिवर्तन, खोया-पाया	Display Classified Rate		
वैवाहिक विज्ञापन कम से कम 40 शब्द (केवल मध्यप्रदेश) 5 रूपये अतिरिक्त शब्द	Rs. 500/-		

Contact:-
Nava Bharat Bhavan, City Center, Gwalior
Ph. 0751-4086200, 9479319990
E-mail address-bharatnava@gmail.com

पाठकगण किसी भी वर्गीकृत विज्ञापन पर पहल करने से पहले पूरी जानकारी एकत्र कर संपर्क करें. इस संबंध में नवभारत समाचार- पत्र की जिम्मेदारी नहीं होगी.

मेला बचाओ सभा की तैयारी में जुटे व्यापारी

कैट की बैठक में निर्णय हुआ कि जन आंदोलन सभी को शामिल करके चलाया जाये

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 10नवम्बर। 120 वर्ष पुराने ग्वालियर व्यापार मेले को बचाने एवं आधुनिक बनाने के लिये कैट द्वारा 18 नवंबर को मेला बचाओ जनसभा का आयोजन किया जा रहा है। इस जनसभा में मेला प्रधिकरण के पूर्व अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र कुमार गंगवाल, राज चडढा, प्रशांत गंगवाल सहित मेला प्राधिकरण के पूर्व संचालक निर्मल कोठारी, हेमंत गुप्ता, पारस जैन एवं अन्य जो व्यापारीबंधु प्राधिकरण में उपाध्यक्ष संचालक नियुक्त किये गये थे उन्हें भी शामिल किया जायेगा। बैठक में निर्णय हुआ कि म.प्र. चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष डॉ. प्रवीन अग्रवाल को भी आमंत्रित किया जायेगा और उनसे फोन पर चर्चा भी की गई।

जनसभा के संयोजक दिलीप पंजवानी ने बताया कि गत दिवस माधव मंगल वाटिका में आयोजन को लेकर कैट की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन, जिलाध्यक्ष रवि गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित थे। सदस्यों ने कहा कि हम एक बिन्दु वार ज्ञापन तैयार करेंगे। जो सभी लोगों से चर्चा करके बनाया जायेगा और इसे 17 नंवबर को ग्वालियर प्रेस को रिलीज किया जायेगा। सभी से चर्चा कर ज्ञापन बनाने की जिम्मेदारी कैट के कोषाध्यक्ष मयूर गर्ग को प्रदान की गई। महामंत्री विवेक जैन ने कहा कि विभिन्न व्यापारिक एवं औद्योगिक संगठनों को इस जन आंदोलन से जोड़ने के लिये हम व्यक्तिगत संपर्क करेंगे और उन्हें जनसभा में आमंत्रित करेंगे। जनसभा में महिलाओं की प्रमुख भागीदारी रहेगी अत: सीए निधी गर्ग, रीना गांधी, ज्योति गोले ने महिला संगठनों को आमंत्रित करने की जिम्मेदारी ली। मुकेश गुप्ता एवं विकास गुप्ता, नीरज चौरसिया, अंशुल तपा जनसभा के मीडिया प्रभारी प्रवक्ता एवं प्रचार-प्रसार संयोजक बनाये गये। तय किया गया कि 17 नवंबर को एक प्रेस मीट आयोजित की जायेगी और बाजारों में जनसभा को सफल बनाने के लिये जनसंपर्क किया जायेगा। बैठक में नितिन गोयल, मनोज गोले, ललित गांधी, सचिन राजपूत, डॉ. सौरभ खंडेलवाल, प्रशांत आलौरिया, सौरभ गर्ग, पंकज गोयल आदि भी उपस्थित थे।

टीवीएस मोटर्स की नई इलेक्ट्रिकल व्हीकल टीवीएस ऑर्बिटर लॉन्च

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 10नवम्बर। टीवीएस मोटर्स ने अपनी नई इलेक्ट्रिकल व्हीकल टीवीएस ऑर्बिटर की लॉन्चिंग आज ग्वालियर में की। इसका शानदार स्टाइल दमदार परफॉर्मेंस है। 3.1 k.w. वैटरी और 158 IDC रेंज मतलब एक चार्जिंग में डेढ़ सौ किलोमीटर चलेगी। 1,04,200 एक्स शोरूम प्राइस के साथ में आज ग्वालियर के होटल रामाया में लॉन्च की गई। यह नई गाड़ी बहुत ही अट्रैक्टिव लुक में स्मार्ट फीचर के साथ युवाओं को बहुत ही पसंद आई है। इस अवसर पर टीवीएस के प्रमुख सभी डीलर रॉयल टीवीएस से रमाकांत समाधिया, हरिओम नागपाल, शैलेंद्र गुर्जर के साथ-साथ टीवीएस कंपनी के ZSM शाहरुख कपाड़िया, मैनेजर नीतेश, युगान्त शुक्ला एवं अन्य डीलर उपस्थित रहे।

पंचकल्याण के पात्रों को लगी भजनों के साथ हल्दी मेहंदी

आज निकलेगी भव्य मंगल कलश शोभायात्रा, प्रतिष्ठा होने आई प्रतिमा

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 10नवम्बर। फूलबाग मैदान अयोध्या नगरी में आचार्य सुबल सागर महाराज ओर मुनिराजों के ससंघ के सानिध्य में 11 से 16 नवंबर तक चौबीस तीर्थंकर जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा विश्वशांति महायज्ञ एवं गजरथ महोत्सव का शुरुवात आज सोमवार को नई सड़क स्थित चंपाबागा धर्मशाला में पंचकल्याण महामहोत्सव के भगवान के माता पिता और मुख्य पात्रों को लगाई हल्दी मेहंदी का कार्यकम आयोजित किया गया। पंचकल्याणक में प्राणप्रतिष्ठा के प्रमुख पात्रों के द्वारा पाषाण से भगवान बनने के महानुष्ठान में मुख्य क्रियाओं की सहभागिता करेंगे।

महामहोत्सव का आगाज भगवान जिनेंद्र देव की आराधना भक्ति भजनों के साथ हुआ। संगीतकर के मधुर स्वर लहरियों पर मेहंदी के गीतों पर पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के पात्रों को हल्दी और मेहंदी लगाई गई। कार्यक्रम में भगवान के माता-पिता, सौ धर्म इंद्र, कुबेर इंद्र, बुआ, अष्ट कुमारिया के अलावा अन्य पात्रों को हल्दी लगाई गई। कार्यक्रम में इंद्र- इंद्राणी ने भी एक दूसरे के हल्दी लगाकर भक्ति नृत्य कर माहौल भक्तिमय बना दिया। मेहंदी के गीतों पर उपस्थित महिला पुरुषों ने भी नृत्य कर प्रभु की भक्ति करते हुए कार्यक्रम का आनंद लिया।

11 नवंबर मंगलवार प्रात: 08 बजे से नई सड़क स्थित चंपाबाग धर्मशाला से मंगल कलश घटयात्रा निकाली जाएगी। घटयात्रा में महिलाएं एक जैसी केशरिया साड़ियों में सिर पर मंगल कलश लेकर चलेगी। शोभायात्रा में सबसे आगे जैन ध्वजा लेकर सौधर्म इंद्रा हाथी रहेगें साथ ही बग्गिया में इंद्रा इंद्राणी सवार होगे। घोड़े, डी.जे, स्थानीय तीन बैड, तासे ढोल के साथ महिलाएं गरबा डांडिया एवं तीन रथों में भगवान जिनेंद्र की प्रतिमा विराजित होकर चलेगी। यह शोभायात्रा नई सडक से शुरू होकर दाना ओली, मोर बाजार, महाराज बाड़ा, सराफा बाजार, गस्त का ताजिया, राममंदिर, फालक बाजार, शिदे की छावनी, से आयोध्य नगरी फूलबाग मैदान पहुचेगी। जहां 24 ध्वजारोहण के साथ भव्य शुभारंभ होगा। जगह जगह शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा।

एमआईटीएस के छात्रों ने एक दिवसीय हेरिटेज वॉक किया

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 10नवम्बर। माधव प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान के हेरिटेज एंड टूरिज़्म क्लब द्वारा एक दिवसीय हेरिटेज वॉक ग्वालियर किले के ऐतिहासिक मंदिर का आयोजन किया गया। इस वॉक का उद्देश्य छात्रों को ग्वालियर किले की समृद्ध वास्तुकला, सांस्कृतिक विरासत, और इतिहास से परिचित कराना था। वॉक की शुरुआत तेली का मंदिर से हुई, जो द्रविड़ और नागर वास्तुकला शैलियों के सुंदर संगम के लिए प्रसिद्ध है। छात्रों ने इसकी सूक्ष्म नक्काशी और संरचना में छिपे प्रतीकों की प्रशंसा की 7 इसके बाद छात्रों ने सास-बहू मंदिर का भ्रमण किया, जहां उन्होंने मंदिर की पत्थर की नक्काशी और पौराणिक मूर्तिकला को निहारा। यात्रा का समापन चतुर्भुज मंदिर पर हुआ, जो शून्य के सबसे प्राचीन शिलालेख के लिए प्रसिद्ध है। इस हेरिटेज वॉक के माध्यम से छात्रों ने ग्वालियर की ऐतिहासिक धरोहर, कला और संस्कृति के संरक्षण के महत्व को समझा और विरासत के प्रति अपनी जागरूकता और रुचि व्यक्त की।

कैसे भी कुछ भी करो पर बच्चा तो खोजना ही है : एसएसपी

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 10नवम्बर। मोहनपुर से 1 नवंबर को गायब हुआ 3 वर्ष का बालक पुलिस के लिए अबूझ पहेली बन गया है। बालक को गायब हुए आज पूरे 10 दिन हो चुके हैं, लेकिन बच्चे की परछाई तक पुलिस को नहीं मिली है। दूसरी तरफ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने साफ कह दिया है कि बच्चा तो हर हाल में खोजना है चाहे कुछ भी करो। एसएसपी की इस मंशा को पूरा करने के लिए मातहत पुलिस अफसर जुटे हुए हैं, हालांकि सफलता नहीं मिल पाई है। पुलिस ने गायब हुए बालक को तलाशने के लिए हर संभव एंगल तलाशा लेकिन कहीं से कुछ क्लू नहीं मिला। इसके बाद पुलिस का ध्यान उन वाहनों की तरफ गया जो 1 नवंबर को बालक के गायब होने के ठीक बाद वहां से गुजरे। पुलिस के लिए सीसीटीवी फुटेज से पता लगाना भूसे के ढेर में सुई तलाशने से कम नहीं था पर पुलिस ने इस पर भी काम किया और करीब 40 से अधिक कारों का पता निकाल कर उनके मालिकों से पूछताछ की है। लेकिन कोई ऐसा क्लू नहीं मिला जिससे किसी पर शक किया जा सके। पूछताछ के बाद सभी को जाने दिया। अब पुलिस फिर से वहीं खड़ी है, जहां से चली थी।

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे.क्रं. 18 वार्ड क्रं. 49, भवन क्रं. ...., स्थान: हार कोटा शीर पर स्थित है जो कि श्री/ श्रीमती हरी सिंह / श्री छोटेलाल प्रजापति के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 9000027389 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 840 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड वसीयत-पत्र क्रं. A11079962 दिनांक 21.12.2021 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र गोरखी पानी टंकी क्षे.क्रं. 18 पर दिनांक 04.11.2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं. 83/2010/18315/40617/प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
पुष्पेन्द्र सिंह यादव / श्री जबर सिंह
पता: हार कोटा शीर, वार्ड-49
विज्ञप्ति जारी दिनांक: 10-11-2025

कृष्ण रुक्मणी विवाह के प्रसंग पर झूम कर नाचे श्रद्धालु

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 10नवम्बर। अचलेश्वर महादेव मंदिर पर चल रही भागवत कथा के छठे दिन अयोध्या से पधारे भागवताचार्य वेदांत जी महाराज ने कहा कि भगवान की कथा मन को पवित्र आत्मा को गर्वित और चरित्र को निर्मल कर देती है। जैसे-जैसे हम भगवान की कथा को सुनते चले जाते हैं वैसे-वैसे वह हमारे मन की सफाई करती चली जाती है कथा मन को प्रसन्न करती है और चित्त को शांत करती है । महाराज श्री ने कहा भागवत कथा विवेक को जागृत कर देती है नियमित कथा का श्रवण एवं मनन करने वाला व्यक्ति गलत काम कर ही नहीं सकता है । उन्होंने कहा हमें सदा ऐसा आचरण करना चाहिए कि हमारे व्यवहार और वाणी से किसी को दुख न पहुंचे उन्होंने कहा कि भगवान ने जब रास किया तो जितनी रूपियां थी भगवान उतने ही स्वरुप में प्रकट हो गए। व्यास पीठ से महाराज जी ने कहाभक्त वत्सल भगवान भक्तों के उद्धार के लिए अवतार लेते हैं और अपनी लीला रचाते हैं हमें परमात्मा के सिमरन को कभी नहीं भूलना चाहिए आज की कथा समापन पर परीक्षित घनश्याम सेन तथा सभी भक्तों एवं अचलेश्वर भक्त मंडल गिरिराज जी भक्त मंडलआदि सभी भक्तगणों ने कृष्ण रुक्मणी की आरती उतारी आरती के उपरांत प्रसादी वितरण किया गया।

जहां कथा, वहां तीर्थ खुद आ जाते हैं : वेदांत सागर

न्यू जवाहर कॉलोनी की रामकथा में ज्ञानानंद तीर्थ शंकराचार्य भानुपूरा पीठाधीश्वर पहुंचे

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 10नवम्बर। गंगा में तो हम सांकल पकड़कर किनारे में ही नहाते हैं, लेकिन रामकथा ऐसी पावनी गंगा है, जिसमें जितना गहराई में डुबकी लगाते हैं, उतना ही राम के नजदीक पहुंचते जाते हैं। जहां कथा चरित्रों का गान होता है, वहां तीर्थ भी खुद चलकर आ जाते हैं, इसलिए जहां भी कथा हो, उसका पुण्य लाभ अवश्य लें। भगवान की याद आए तो उनका एकांत में बैठकर कीर्तन करें, तो वे जरूर कृपा करेंगे। कलयुग में सिर्फ नाम की महिमा हैं, इसलिए जो भी रामनाम का कीर्तन करता है भगवान उसे सहज ही मिल जाते हैं। यह विचार व्यास पीठ श्रीश्री 1008 स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ शंकराचार्य भानुपूरा पीठाधीश्वर वेदांत सागर ने न्यू जवाहर कॉलोनी में आयोजित श्री रामकथा के छठवे दिन व्यक्त किए। इस मौके पर कथाव्यास प्रज्ञाचक्षु माधवाचार्य महाराज का भी पावन सानिध्य रहा। उन्होंने बताया कि कलयुग की आयु 4 लाख 32 हजार वर्ष की है और अभी सिर्फ 5 हजार वर्ष निकले हैं, अर्थात कलयुग का यह प्रथम चरण हैं। गुरूदेव की महिमा का बखान करते हुए पीठाधीश्वर वेदांत सागर ने कहा कि गुरूदेव की दृष्टि से ही परमात्मा के दर्शन होते हैं। तुलसीदास ने अयोध्यकांड की अंतिम छंद में लिखा है कि भरत चरित्र नहीं होता तो उनका राम से साक्षात्कार नहीं हो पाता। भगवान संकेत देते हैं कि अब भजन की उम्र हो गई अब तो मन को भगवान में लगाओ, लेकिन हम समझते नहीं हैं, लेकिन जो समझ जाते हैं, उनका उद्धार हो जाता है। एक उम्र के बाद जीवन की डोर भगवान के हाथ सौंप देना चाहिए, क्योंकि वही सांसारिक के झझावतों से मुक्ति दिलाएगी। इस अवसर पर डॉ. जितेंद्र सिंह राजावत, बृजबिहारी वाजपेई, कारेलाल सिंह राजावत, रामनरेश सिंह भदौरिया, नरेन्द्र सिंह सेंगर, बच्चू सिंह राजावत, अशोक सिंह राठौड़, प्रदीप त्रिपाठी, हरेन्द्र सिंह चौहान, सुदामा यादव, डॉ. केपी सिंह चौहान, हाकिम सिंह यादव, ब्रह्मानंद शर्मा, आरके शर्मा, सुरेश शर्मा अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

मौलाना आजाद की जयंती पर कांग्रेस नमन करेगी

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 10नवम्बर। आज भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की 137वीं जयंती के अवसर पर प्रात: 11.00 बजे कांग्रेस भवन, षिंदे की छावनी पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण पुष्प अर्पित कर नमन किया जाएगा। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसजन, पूर्व अध्यक्ष, प्रदेश कांग्रेस, जिला कांग्रेस , ब्लॉक कांग्रेस, मंडलम कांग्रेस , सेक्टर कांग्रेस , सेवादल, महिला कांग्रेस, यूवा कांग्रेस, एनएसयूआई, पार्षद, पूर्व पार्षद, विभाग प्रकोष्ठ सहित सभी कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे।

CHANGE OF NAME

I, **Army Service No. 15802683L Rank- NK Name- HARIKESH YADAV** Residing at Village- Village- Bhatauli Khurd, Post- Gauri Bazar, Tehsil- Deoria Sadar, District- Deoria, State- Uttar Pradesh, Pin- 274202 have changed my Wife's Name from **KM SUDHA YADAV** to **SUDHA YADAV** due to mismatch in my Army Service Record.

Vide Affidavit No. BX 771370 Dated 08/11/2025 before High Court, Gwalior (M.P.).

नामांकन विज्ञप्ति/संशोधन सूचना

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 07-10-2025 को प्रकाशित नामांकन सूचना में त्रुटिवश विज्ञप्ति जारी दिनांक 06/09/2025 गलत छाप गया है जिसका वास्तविक विज्ञप्ति जारी दिनांक 06/10/2025 पढ़ा जावे। विज्ञप्ति क्षेत्र क्र. 03 वार्ड 15 की है। जिसका कार्य क्र. 75/2011/54466/54404 है। शेष यथावत रहेगा। आवेदक का नाम संजू देवी/ महेश कुमार
पता-मेजर कॉलोनी, ग्वालियर

नाम परिवर्तन सूचना

मैं कुसुम भदौरिया पत्नी- श्री रामनरेश सिंह भदौरिया, उम्र- 65 वर्ष, निवासी- बी-39, आदित्यपुरम, भिण्ड रोड, ग्वालियर म.प्र. शपथ करती हूं कि मैं उपरोक्त पते की निवासी होकर दिया गया पता सत्य व सही है। यहकि मेरे आधार कार्ड- 364736118330 में मेरा नाम कुसुम अंकित है तथा मेरे द्वारा आधार कार्ड में संशोधित कराकर कुसुम भदौरिया नाम करा लिया है तथा पेनकार्ड में भी नाम कुसुम भदौरिया अंकित है। इस प्रकार से उपरोक्त नाम कुसुम एवं कुसुम भदौरिया एक ही महिला के नाम होकर मुझ शपथकर्ता का ही नाम है। उपरोक्त कथनों की सत्यता हेतु शपथपत्र प्रस्तुत है।

In The Court Of IV Additional District and Session Judge, District Court, Gwalior
Presiding Officer: सुरेश सिंह जमरा
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(MJC/0000527/2017)
नरेश अग्रवाल ..... वादी
Vs
विश्व मोहन टण्डन ..... प्रतिवादी
Process Id-/2025, पेशी दिनांक :-26/11/2025

प्रेषिती-
(1) विश्व मोहन टण्डन पिता स्व. स्वामी प्रसाद टण्डन पता- हाल सीएचएल इन्टरनेशनल 48 ऐअनी स्ट्रीट दुशाम्बे 734024 तजाकिस्तान गणराज्य स्थायी पता ए 303 शौर्य अपार्टमेंटस बी 9/7 बी सेक्टर 62 नोएडा (उ.प्र.) (2) अनुराग टण्डन पिता स्व. मनमोहन टण्डन पता- 16/71 सिविल लाइन कानपुर, उप्र (3) श्रीमती कुमुद पति स्व. शशि मोहन टण्डन पता- टण्डन कोठी गोले का मंदिर ग्वालियर (4) दिव्या टण्डन पति स्व. डॉ. जगमोहन टण्डन पता- जगदिव्य खेडली फाटक कोटा राजस्थान (5) दीपक टण्डन पिता स्व. मनमोहन टण्डन पता- 16/71 सिविल लाइन कानपुर, उप्र (6) पुष्पा टण्डन पति स्व. मनमोहन टण्डन पता- 16/71 सिविल लाइन कानपुर (7) प्रतिभा मल्होत्रा पति अजय मल्होत्रा पता- 16/71 सिविल लाइन कानपुर उप्र (8) आशीष टण्डन पिता स्व. शशि मोहन टण्डन पता- टण्डन कोठी गोले का मंदिर ग्वालियर (9) कृष्ण मोहन टण्डन पिता स्व. स्वामी प्रसाद टण्डन पता- टण्डन कोठी गोला का मंदिर ग्वालियर (10) प्रशांत टण्डन पिता स्व. शशि मोहन टण्डन पता- टण्डन कोठी गोले का मंदिर ग्वालियर (11) सुधीर टण्डन पिता स्व जगमोहन टण्डन पता जगदिव्य खेडली फाटक कोटा राजस्थान (12) डा. समीर टण्डन पिता स्व. जगमोहन टण्डन पता- जगदिव्य खेडली फाटक कोटा राजस्थान

यह कि प्रार्थी नरेश अग्रवाल ने आपके विरूद्ध के लिए MJC संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनो का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निपाकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज की तारीख 04 November 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा
(सुरेश सिंह जमरा)
चतुर्थ जिला न्यायाधीश ग्वालियर (म.प्र.)
कृपया ध्यान दें :- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

69वीं राज्य स्तर हॉकी प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंची दोनों वर्ग की टीम

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 10नवम्बर। 69 वीं राज्य स्तरीय शालेय हॉकी 17 वर्ष बालक/ बालिका क्रीड़ा प्रतियोगिता भोपाल में दिनांक 7 नवंबर 2025 से 11 नवंबर 2025 तक आयोजित हो रही हैं ।

इस प्रतियोगिता में ग्वालियर संभाग बालक व बालिका वर्ग दोनों में फाइनल में पहुंची गई। बालक बर्ग में प्रथम सेमीफाइनल में ग्वालियर ने इंदौर को 3-2से हरा कर फाईनल पहुंची वही दूसरे सेमीफाइनल में भोपाल ने जबलपुर को 10-0 हरा कर फाइनल में पहुंची। अब ग्वालियर बालक बर्ग का फाइनल भोपाल से होगा। वहीं बालिका वर्ग का पहला सेमीफाइनल ग्वालियर और नर्मदा पुरम का हुआ नर्मदा पुरम को 10 -0 से सिक्सत दी और फाइनल में पहुंची वहीं दूसरा सेमीफाइनल इंदौर और भोपाल के बीच हुआ जिसमें भोपाल ने इंदौर को 5-1 से हराया इस तरह ग्वालियर और भोपाल के मध्य फाइनल मैच बालिका वर्ग में खेला जाएगा।

इस खुशी के अवसर पर सहायक संचालक अरविंद सिंह , जिला शिक्षा अधिकारी हरिओम चतुर्वेदी महेंद्र पाल बैरईया सहायक संचालक खेल लोक शिक्षण शिक्षा संभाग ग्वालियर एवं ग्वालियर जिला खेल अधिकारी जोसेफ बाक्सला, जिला कीड़ा निरीक्षक आर.के. सिंह व प्राचार्य रविंद्र शर्मा , नरोत्तम गर्ग,मत्येंद्र पाठक, प्रदीप त्रिवेदी, अमित चौहान, सुनील साहू, गोविंद मल्होत्रा, सागर सिंह, पवन शर्मा, सौरभ शर्मा, राजकुमार सेंगर, सी पी चतुर्वेदी, अखिलेश पचौरी, संतोष वर्मा, शत्रुघ्न सिंह जादौन, तर्नेश तपन, विवेक विशाल, अविनाश भटनागर, रामखिलाड़ी, दिलसाद खान अजय सर्वे, कौशल शिंदे, मदन गुप्ता, कोमल चव्हाण, महराजू कुरैशी, संजय सिंह तोमर, मोइनुद्दीन कुरेशी,नरेश नरवारे, विकास किरोसिया, भुवनेश्वर बाजपेयी , संगीता दीक्षित, आदि ने बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया।

CHANGE OF NAME

I, **Army Service No. 15790821M Rank- L/HAV (DVRMT) Name- DHARMAJEET SINGH** Residing at House No. 03, Village- Noorpur Hajurpur, PS- Puswara, Tehsil- Suar, District- Rampur, State- Uttar Pradesh, Pin- 244924 have changed my Mother's Name from **SARBJEET KAUR** to **SARVJEET KAUR** due to mismatch in my Army Service Record.

Vide Affidavit No. BX 771360 Dated 07/11/2025 before High Court, Gwalior (M.P.).

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, एक आवासीय भू-खण्ड जिसका क्षेत्रफल 720 वर्गफीट है जो सर्वे क्रमांक 1844/2 राजस्व ग्राम जौरासुर्य का भाग होकर वार्ड क्रमांक 47 भगत सिंह वार्ड, तहसील मुरैना नगर, जिला मुरैना, म.प्र में स्थित है। जिसकी चर्तुसीमा निम्न है पूर्व में आम रास्ता, पश्चिम में रामभरोसी राठौर की भूमि, उत्तर में विक्रेता की सम्पत्ति एवं दक्षिण में संतोषी का प्लॉट स्थित है जिसे आवेदक श्री दीवान सिंह पुत्र श्री हाकिम सिंह निवासी जौरा रोड़, दाउजी टेंट हाउस के सामने, मुरैना, म.प्र. ने भू-खण्ड स्वामिनी श्रीमती गौरा बाई पुत्री श्री जगन्नाथ एवं पत्नी श्री रामप्रकाश राठौर से जरिये पंजीकृत विकय-पत्र ई-पंजीयन कमांक MP25792020 ए1014515 दिनांक 07/01/2020 को कय कर मेरे पक्षकार पिरामल फाइनेन्स लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष आवेदन किया है। यह कि, उक्त सर्व संख्यांक 1844/2 राजस्व ग्राम जौराखुर्द की भूमि को विक्रेता अन्य सह-स्वामियों के साथ बतौर संयुक्त स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्यधारी के रूप में धारण करती थी तथा उसके द्वारा अपने भाग की भूमि से आवेदक के पक्ष में विकय पत्र निष्पादित किया गया। यह कि, यदि किसी सहस्वामी, व्यक्ति / व्यक्तियों को उक्त संपत्ति या उसके किसी भाग के संबंध में किसी प्रकार की कोई या कैसी भी आपत्ति किसी भी माध्यम अर्थात बिक्रय, विनमय, बंधक (साम्यिक / रजिस्टर्ड बंधक या अन्यथा बंधक) न्यास, उत्तराधिकार, पारिवारिक व्यवस्थापन, भरणपोषण, विल द्वारा हस्तांतरण, भागीदारी, आधिपत्य, पट्टा, उप पट्टा, किरायेदारी, लायसेंस, भार, गिरवी, सुखाधिकारी या अन्य किसी प्रकार का अधिकार होने का दावा वा आपत्ति करता हो तो वह मेरे नीचे लिखे नाम व पते पर मय दस्तावेजी प्रमाण के लिखित रुप में नोटिस प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर प्रस्तुत करें अन्यथा समयोपरांत् उक्त संपत्ति मेरे पक्षकार के यहां बंधक कर ली जावेगी। उसके उपरांत कोई भी आपत्ति कतई स्वीकार योग्य न होकर निर्थक अर्थहीन, त्याग दी गई समझी जाकर शून्य होगी तथा मेरे पक्षकार पर कतई बंधनकारी नहीं होगी तदनुसार सूचित हो।
दिनांक : 10/11/2025
पुष्पेन्द्र कुमार अग्रवाल (एडवोकेट)
कार्यालय ओशो ध्यान केन्द्र के पास, पटेल नगर, सिटी सेंटर, जिला ग्वालियर (म.प्र.), कार्या. समय प्रात: 11.00 से सांय 05.00 तक

आम सूचना

श्रीमती कमलेश आर्य पत्नी श्री सुल्तान सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड क्र. 12,स्थित ग्राम सुनारपुरा खालसा, प.ह.नं.89, तहसील मुरार व जिला ग्वालियर (म.प्र.) में है जो भूमि सर्वे क्र.161/1,166, 179 एवं 181 ग्राम सुनारपुरा खालसा का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है: - पूर्व में रास्ता 20 फुट चौड़ा, पश्चिम में भूखण्ड क्र.09, उत्तर में भूखण्ड क्र. 13 एवं दक्षिण में भूखण्ड क्र. 11 नर्मदा देवी है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री अजब सिंह पुत्र श्री वृंदावन सिंह एवं अन्य द्वारा श्री राघवेन्द्र अग्रवाल, श्रीमती शालिनी अग्रवाल, श्री नरेन्द्र यादव पुत्र श्री प्रीतम सिंह यादव को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.1650 दिनांक 22.08.2012 से विक्रय की गई। श्री नरेन्द्र यादव द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री द्वारिका प्रसाद पुत्र श्री वीर सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी142592015ए1148821 दिनांक 05.11.2015 से विक्रय की गई। श्री द्वारिका प्रसाद द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती नर्मदा देवी पत्नी श्री इंद्रजीत सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी 142592021ए1625291 दिनांक 27.07.2021 से विक्रय की गई। श्रीमती नर्मदा देवी द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती कमलेश आर्य पत्नी श्री सुल्तान सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 142592023ए11379353 दिनांक 19.01.2023 से विक्रय की गई। श्रीमती कमलेश आर्य द्वारा उक्त सम्पत्ति को विक्रय किये जाने हेतु श्रीमती नेहा चौधरी पत्नी श्री दिलीप सिंह के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्रीमती नेहा चौधरी द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार जना स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्